भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 947**

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

**छत्तीसगढ़ में सड़कों को चौड़ा करना**

947. श्री दीपक बैज:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से कुरुद - चारमुडिया - अटांग - अछोती - चिनवाड़ी - सिरी - फुसेरा - कारगा सड़क को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त प्रस्ताव में अनुमानित कुल व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रस्ताव के निपटान हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या प्रस्तावों के निष्पादन में विलंब के कारण लागत और समय में वृद्धि होती है और विकास संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) इस संबंध में छत्तीसगढ़ में सड़क संबंधी कार्यों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय को विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों, जन प्रतिनिधियों आदि से सीआरआईएफ योजना के तहत राज्य की सड़कों के विकास के लिए प्रस्ताव भी प्राप्त होते हैं। मंत्रालय, वित्त अधिनियम, 2019 द्वारा संशोधित सीआरआईएफ अधिनियम, 2000 के अनुसार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में शुरू की जाने वाली राज्य सड़क परियोजनाओं की सूची को राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त कार्यों की प्राथमिकता सूची के आधार पर अंतिम रूप देता है।

छतीसगढ़ राज्य सरकार से केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) (राज्यीय सड़कें) योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के दौरान 29.35 करोड़ रुपये की लागत से कुरूद-चारमूडिया-अटांग-अछोती-चिनवाड़ी-सिरी-फुसेरा-कारगा सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। मंत्रालय ने 2021-22 के दौरान सीआरआईएफ (राज्य सड़कें) योजना के तहत 846.03 करोड़ रुपये की लागत से 315.72 किलोमीटर की लंबाई में 15 राज्य सड़क कार्यों को अंतिम रूप दिया है, जिसके तहत, फरवरी 2022 में छतीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत सीआरआईएफ कार्यों की प्राथमिकता सूची के आधार पर उक्त खंड पर विचार नहीं किया गया था।

(ङ.) वर्तमान में, सीआरआईएफ योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 1205 करोड़ रु. लागत से 335 किमी लंबाई में 17 राज्य सड़क परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

****